प्रेस नोट थाना कटरा
जनपद शाहजहाँपुर
सराहनीय कार्य दिनाँक - 14.02.2026

"थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धोखाधडी से संबंधित अभियोग में एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार "

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार जनपद में अपराध की रोकथाम तथा क्रियाशील व चिन्हित किये गये अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदया के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी तिलहर महोदया के कुशल पर्यवेक्षण एंव प्रभारी निरीक्षक कटरा के नेतृत्व में थाना कटरा पुलिस टीम को बडी सफलता प्राप्त हुई ।

संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 31.12.2025 को वादी मुकदमा श्री मोईद अली पुत्र जफर अली निवासी मोहल्ला आतिशबाजान, कस्बा व थाना कटरा, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा प्रार्थना पत्र देकर विपक्षीगण 1.शोएब अली 2.भुपेन्द्र 3. नागेन्द्र कुमार 4. अजहरुद्दीन 5. फरदीन 6. अजबउद्दीन 7. अलीशा तथा दो व्यक्ति अज्ञात द्वारा कंपनी बनाने के नाम पर स्वयं के साथ 01 करोड़ 59 लाख रुपये की धोखाधड़ी किए जाने के संबंध में थाना कटरा पर मु0अ0सं0 0530/2025 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)/3(5)/61(2)/315(3) बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कराया गया था। विवेचना के क्रम में दिनांक 01.01.2026 को अभियुक्तगण 1. अजहरुद्दीन, 2. अजबउद्दीन एवं 3. नागेन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 14.02.2026 को थाना कटरा पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त फरदीन उर्फ फरहीन अहमद पुत्र स्व० जमीर अहमद निवासी ई-6/99 सनराइज कॉलोनी, ओल्ड सीमापुरी, पूर्वी दिल्ली तथा स्थायी पता बी-404 गली नं० 07, मोहल्ला चिकम्बरपुर, थाना साहिबाबाद, जनपद गाजियाबाद को रोडवेज बस स्टैंड मीरानपुर कटरा से समय करीब 12:05 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

फरदीन उर्फ फरहीन अहमद पुत्र स्व0 जमीर अहमद उम्र करीब 38 वर्ष निवासी ई0 6/99 सनराईज कालोनी ओल्ड सीमापुरी पूर्वी दिल्ली व स्थायी पता बी0 404 गली नं0 07 मोहल्ला चिकम्बरपुर थाना साहिबाबाद जनपद गाजियाबाद।

गिरफ्तारी का दिनाँक, समय व स्थान-

दिनांक 14.02.2026, समय 12.05 बजे, रोडवेज बस स्टैण्ड मीरानपुर कटरा, शाहजहाँपुर ।

बरामदगी का विवरण-

निल

अभियुक्त का अपराधिक इतिहास-

- मु0अ0सं0 1985/2021 धारा 420/406/467/468/504/506 भा0द0वि0 थाना साहिबाबाद कमिश्नरेट गाजियाबाद
- मु0अ0सं0 0530/2025 धारा 319(2)/318(4)/338/336(3)/340(2)3(5)/61(2)/315(3) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर
2. निरीक्षक अपराध श्री जितेन्द्र प्रताप सिंह थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर